## भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
## मानव संसाधन (हीप),रानीपुर, हरिद्वार- 249403 (उत्तराखण्ड)

## <u>परिपत्र</u>

**मा. सं. / भर्ती / ग्रेजु.-टेक्नी. अप्रेंटिस / नवम्बर 2014** **दिनांक : 31 अक्टूबर 2014**

बी.एच.ई.एल. हरिद्वार निम्नलिखित शाखाओं (Branches) में ग्रेजुएट (B Tech / BE Holder) एवं डिप्लोमाधारी (Diploma Holder) अभ्यर्थियों से ग्रेजुएट तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण (सत्र नवम्बर-दिसम्बर 2014-15) के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। सिर्फ वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होने ग्रेजुएशन या डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के पश्चात कहीं जॉब नहीं किया है या एक वर्ष से कम जॉब किया है तथा अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 (1971 में संशोधित तथा 1986 में पुनः संशोधित) के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है।

**<u>ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए:</u>**

| क्रम सं. | शाखा (Branch of Graduation) | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा (5 दिसम्बर 2014 को) एवं छूट | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैकेनिकल / प्रोडक्शन / इंडस्ट्रियल | 23 | • न्यूनतम:18 वर्ष<br>• अधिकतम:27 वर्ष (सामान्य वर्ग) एवं 32 वर्ष (अनु. जाति / जनजाति)<br>• अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग के अंतर्गत ही माना जायेगा<br>• 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी | हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से **वर्ष 2013 या 2014 में ग्रेजुएट (B.Tech / BE) उत्तीर्ण** (नियमित अभ्यर्थी के रूप में) जिनका न्यूनतम प्रतिशत सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 60 % तथा अनु. जाति व अनु. जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए केवल उत्तीर्ण। |
| 2 | इलेक्ट्रिकल | 24 | | |
| 3 | सिविल | 3 | | |
| 4 | इलेक्ट्रॉनिक्स | 4 | | |
| 5 | कम्प्यूटर | 1 | | |
| 6 | केमिकल | 1 | | |
| 7 | मेटलर्जी | 3 | | |

**<u>टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस के लिए:</u>**

| क्रम सं. | शाखा (Branch of Diploma) | रिक्तियों की संख्या | आयु सीमा (5 दिसम्बर 2014 को) एवं छूट | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मैकेनिकल | 23 | • न्यूनतम:18 वर्ष<br>• अधिकतम:27 वर्ष (सामान्य वर्ग) एवं 32 वर्ष (अनु. जाति / जनजाति)<br>• अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों को सामान्य वर्ग के अंतर्गत ही माना जायेगा<br>• 40% या उससे अधिक शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों को अपने वर्ग में अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी | हाई स्कूल उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से **वर्ष 2013 व 2014 में डिप्लोमा (Diploma) उत्तीर्ण** (नियमित अभ्यर्थी के रूप में) जिनका न्यूनतम प्रतिशत सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 60 % तथा अनु. जाति व अनु. जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए केवल उत्तीर्ण। |
| 2 | इलेक्ट्रिकल | 20 | | |
| 3 | सिविल | 2 | | |
| 4 | इलेक्ट्रॉनिक्स | 2 | | |
| 5 | कम्प्यूटर | 1 | | |
| 6 | केमिकल | 1 | | |
| 7 | मेटलर्जी | 1 | | |
| 8 | ऑफिस मैनेजमेंट एवं सेक्रेटेरिएट प्रैक्टिस / स्टेनो / अकाउंट ऑडिट | 1 | | |

**नोट:** ऊपर दी गयी रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर रिक्तियों की संख्या परिवर्तित हो सकती है। यदि ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए आवेदकों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती है तो इन रिक्तियों को टेक्नीशियन अप्रेंटिस अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है।

**महत्त्वपूर्ण निर्देश**

- उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के लिये सभी अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त संस्थान से नियमित अभ्यर्थी के रूप में ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप के लिए संबंधित ब्रांच से वर्ष 2013 अथवा 2014 में डिग्री उत्तीर्ण हो तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिसशिप के लिए संबंधित ब्रांच से वर्ष 2013 अथवा 2014 में डिप्लोमा उत्तीर्ण हो।

  **नोट:** बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) / कार्यरत संविदा श्रमिकों / EMB के कार्यरत कर्मचारियों/ लेडिज क्लब के कार्यरत कर्मचारियों / भेल गैस के कार्यरत कर्मचारियों / दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा केन्द्रीय विद्यालय के कार्यरत कर्मचारियों के आश्रितों के लिए उत्तीर्ण वर्ष में छूट का प्रावधान है।

- **अभ्यर्थियों का सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार या BOAT Kanpur में नामांकन होना अनिवार्य है। इसके लिए आवेदन के साथ साक्ष्य के रूप में रजिस्ट्रेशन कार्ड की कॉपी या अन्य साक्ष्य संबंधी दस्तावेज लगाना अनिवार्य है। सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार या BOAT Kanpur में नामांकन नहीं होने की दशा में अभ्यर्थियों का आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।**

  **नोट:** बी.एच.ई.एल. हरिद्वार के कर्मचारियों (कार्यरत/सेवानिवृत/मृतक) / कार्यरत संविदा श्रमिकों / EMB के कार्यरत कर्मचारियों / लेडिज क्लब के कार्यरत कर्मचारियों / भेल गैस के कार्यरत कर्मचारियों / दिल्ली पब्लिक स्कूल तथा केन्द्रीय विद्यालय के कार्यरत कर्मचारियों के आश्रितों के लिए **सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार या BOAT Kanpur में नामांकन होना अनिवार्य नहीं है।**

- प्रशिक्षण अवधि बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (BOAT) कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष की होगी।
- अनु. जाति / जनजाति एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण सरकारी नियमानुसार दिया जायेगा।
- **योग्य अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र स्वयं ही वेबसाइट से अपना पावती संख्या (Acknowledgement No.) तथा जन्म तिथि डालकर डाउनलोड करना होगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना पावती संख्या (Acknowledgement No.) लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु याद रखें।**
- यदि किसी शाखा (Branch) में योग्य अभ्यर्थियों की संख्या, रिक्तियों की संख्या से कम होती तो उनका अंतिम रूप से चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर ही किया जाएगा।

**वजीफा :**

ग्रेजुएट अप्रेंटिस को एक वर्ष के लिए सामेकित वजीफा (Stipend) रू. 6000/- प्रति माह तथा टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस को रू. 4000/- प्रति माह देय होगा।

**स्वास्थ्य:**

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिये गये प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी के द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961, 1971 व 1986 में संशोधित द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

**चयन प्रक्रिया:**

अभ्यर्थी का चयन लिखित परीक्षा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिये आमंत्रित अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।

**आवेदन कैसे करें**

- उपरोक्त प्रशिक्षण के लिये हमारी भर्ती वेबसाईट http://careers.bhelhwr.co.in द्वारा "**Engagement of Graduate & Diploma Apprenticeship for Dec,2014**" के अन्तर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरें।
- इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन को भरने, जमा करने तथा चयन से संबंधित सभी दिशा निर्देशों की जानकारी के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के बाद पावती पत्र (Acknowledgement Slip), आवश्यक दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि के पहले भेजना होगा। अंतिम तिथि के उपरांत किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।
- वेबसाईट http://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे बिना, या दर्शाये गये सभी दस्तावेजों एवं पावती पत्र (Acknowledgement Slip) के बिना जमा किये गये आवेदन अस्वीकार्य होंगे। इस संबंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।
- बी.एच.ई.एल. भर्ती वेबसाईट से ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्णतया भरने के उपरांत ऑनलाइन प्राप्त पावती पत्र (Acknowledgement Slip) का प्रिंट आउट लें तथा इसे अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ लिफाफे में डाल कर एवं उसके ऊपर ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप के लिए **" ग्रेजुएट अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र (सत्र नवम्बर-दिसम्बर 2014-15)"** तथा डिप्लोमा [टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल)] अप्रेंटिसशिप के लिए **"टेक्नीशियन / टेक्नीशियन (वोकेशनल) अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र (सत्र नवम्बर-दिसम्बर 2014-15)"** लिख कर दिनांक **15.11.2014 तक** निम्नलिखित पते पर व्यक्तिगत/डाक द्वारा जमा करना होगा।

**वरि. प्रबंधक (मा. सं.- भर्ती ), कक्ष सं. 29, भूतल,**
**मानव संसाधन विभाग, मुख्य प्रशासनिक भवन,**
**बी.एच.ई.एल., हीप, रानीपुर,हरिद्वार (उत्तराखण्ड) -249403**

- आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिये दूरभाष संख्या 01334-285835 / 281427 पर संपर्क किया जा सकता है।

**<u>पावती पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर भेजना अनिवार्य हैं:</u>**

1. हाई स्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र।
2. इंटरमीडिएट अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र (ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य)।
3. डिग्री या डिप्लोमा (अंतिम वर्ष) (जो भी लागू हो) की अंक तालिका एवं प्रोविजनल प्रमाण पत्र।
4. सेवायोजन कार्यालय हरिद्वार पंजीकरण प्रमाण पत्र या BOAT Kanpur द्वारा प्राप्त PID No. या पंजीकरण प्रमाण पत्र।
5. जाति प्रमाण पत्र (केवल अनु. जाति / जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये )।
6. शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

<u>सामान्य निर्देश</u>

- योग्य अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र (Call Letter) **वेबसाइट http://careers.bhelhwr.co.in से स्वयं डाउनलोड करना होगा**। इस संबंध में डाक द्वारा कोई प्रवेश पत्र (Call Letter) नहीं भेजा जएगा। प्रवेश पत्र (Call Letter) डाउनलोड करने हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे **19 नवम्बर 2014 के उपरांत समय-समय पर वेबसाइट देखते रहें**। वे अभ्यर्थी, जिनका नाम BOAT Kanpur से अप्रेंटिसशिप हेतु प्राप्त हुआ है, उन्हें ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की आवश्यकता नहीं है। उनमें से योग्य अभ्यर्थियों को सीधे डाक द्वारा प्रवेश पत्र भेजा जाएगा।
- अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है तो आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
- प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निधारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
- इस अधिसूचना के फलस्वरूप अथवा अधिसूचना के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थनापत्र देने की प्रक्रिया केवल हरिद्वार में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम हरिद्वार के पास इस संबंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।
- चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- **कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट केवल हमारी वेबसाइट http://careers.bhelhwr.co.in पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी समाचार पत्र या किसी अन्य माध्यम से नही दी जायेगी।**
- **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि चयन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिये हमारी वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।**
- किसी भी प्रकार की सिफारिश या बाहरी दबाव, अभ्यर्थी के चयन के लिए अयोग्यता मानी जायेगी।

<u>महत्त्वपूर्ण तिथियाँ</u>:

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने हेतु आरंभिक तिथि: | --- | **31.10.2014** |
| (ख) | ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि: | --- | **10.11.2014** |
| (ग) | आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: | --- | **15.11.2014** |
| (घ) | लिखित परीक्षा हेतु योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि **(संभावित)**: | --- | **20.11.2014** |
| (ङ) | लिखित परीक्षा की **संभावित** तिथि : | --- | **25.11.2014** |

अधिति

**वरि. अभियंता (मा.सं. - भर्ती)**

**वितरण :**

**जिला सेवायोजन अधिकारी हरिद्वार**
**हरिद्वार नेट**
**समस्त सूचना पट्ट**
} **व्यापक प्रसार हेतु**

**प्रतिलिपि :**

**महा प्रबंधक (मा. सं. एवं नगर प्रशासक)**
**अपर महा प्रबंधक (मा. सं.)**
**वरि. उप महा प्रबंधक (मा. सं.)**
} **सादर सूचनार्थ**